SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 03 मई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 214

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कैलिफोर्निया के डेजर्ट कम्युनिटी में गोलीबारी में 4 की मौत

**सैन फ्रांसिस्को।** कैलिफोर्निया के रेगिस्तानी इलाके में एक गोलीबारी की घटना में चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने पुलिस के हवाले से यह जानकारी दी। यह गोलीबारी मोजावे में एक घर में हुई। इस इलाके में लगभग 4,000 लोग रहते हैं और बेकर्सफील्ड से लगभग 104 किमी पूर्व में स्थित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीड़ितों में से तीन को घटनास्थल पर मृत घोषित कर दिया गया और एक अन्य पीड़ित को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां बाद में उसने दम तोड़ दिया। गिरफ्तारी के बारे में तत्काल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। संभावित मकसद के बारे में भी पता नहीं चला है। रिपोर्ट के अनुसार, जासूस घटनास्थल पर सबूत इकट्ठा कर रहे हैं, और विवरण स्पष्ट नहीं हैं।

### इजरायल ने सीरिया में सैन्य ठिकानों पर फिर किया मिसाइल हमला

**दमिश्क।** इजरायल ने सीरिया के उत्तरी प्रांत अलेप्पो में सैन्य ठिकानों पर फिर से मिसाइल हमला किया है। सीरियाई वायु रक्षा ने कई मिसाइलों को रोक दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले के बाद अलेप्पो में कई विस्फोट सुने गए। इस बीच, सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने भी बताया कि इजरायली मिसाइलों के सैन्य स्थलों पर गिरने के बाद अलेप्पो में कई विस्फोट सुने गए। अभी यह पता नहीं चला है कि इन विस्फोटों में कोई हताहत हुआ है या नहीं।

### रोड़वेज बस ने दो युवकों को कुचला मौत

**रायबरेली (आरएनएस)।** सोमवार की रात शहर के सिविल लाइन पर भीषण सडक़ हादसा हुआ है । जिसमें बाइक सवार दो युवकों को रोडवेज बस ने कुचल दिया। जिससे दो युवकों की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। यह हादसा रात करीब 11.30 बजे हुआ है। प्रतापगढ़ जनपद के थाना रानीगंज केथौला क्षेत्र के गांव रायपुर तेथाई निवासी दो युवक शुभम सिंह ( 30 वर्ष ) पुत्र शेर बहादुर सिंह और अमित सिंह उर्फ सनी ( 32 वर्ष ) पुत्र वीरेंद्र प्रताप सिंह बाइक से कहीं गए हुए थे । देर रात वह वापस प्रतापगढ़ लौट रहे थे। रात करीब 11.30 बजे शहर के सिविल लाइन स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने उनकी बाइक को प्रतापगढ़ डिपो की रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों बाइक सवार सडक़ पर गिर गए। उसके बाद रोडवेज की बस ने उन्हें कुचल दिया। घटना के बाद बस चालक बस को मौके पर छोडक़र फरार हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शहर कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि रोडवेज बस की टक्कर से दो युवकों की मौत हुई है। बस को कब्जे में लिया गया है ।चालक का पता लगाया जा रहा है। मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

### 8,500 के नकली नोट के साथ एक गिरफ्तार, 5 पहले ही हो चुके है 6.40 लाख के साथ गिरफ्तार

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा पुलिस ने 11 अप्रैल को 5 लोगों को 640000 की नकली करेंसी के साथ गिरफ्तार किया था। इनके एक वांछित साथी को पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 8500 नकली करेंसी बरामद हुई है। इस नकली करेंसी के तार कुवैत से लेकर बिहार तक जुड़े हुए हैं। पुलिस इसकी भी जांच कर रही है। गौरतलब है कि नोएडा पुलिस ने 11 अप्रैल को अभियुक्त 1.फैज खान उर्फ नवाब 2.आयुष गुप्ता 3.शिबू खान 4.आदित्य गुप्ता व 5.हरिओम अत्री को 6,48,000 भारतीय नकली मुद्रा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इनके एक साथी को आज थाना सेक्टर-24 पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस टीम, मैनुअल इंटेलीजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर वांछित अभियुक्त मोबिन खान को सूरजपुर से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से 17 नोट-500 रुपए के कुल 8,500 रुपए भारतीय करेंसी के नकली रुपए बरामद हुये हैं। अभियुक्त मोबिन खान ने पूछताछ में बताया फैज खान उर्फ नवाब मेरे मौहल्ले का ही रहने वाला है। जो नकली भारतीय मुद्रा का कारोबार कुवैत मे रहते हुये ही मोबाइल फोन से करता था।

# भारत-पाक बॉर्डर पर बीएसएफ जवानों ने दो घुसपैठियों को किया ढेर

**सीमा पार से आ रहे थे हेरोइन की खेप लेकर**



**बाड़मेर (आरएनएस)।** बीएसएफ ने घुसपैठियों को लेकर सीमावर्ती जिले बाड़मेर में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। भारत-पाकिस्तान सीमा पर बॉर्डर पार से घुसपैठ कर रहे दो घुसपैठियों को बीएसएफ ने मार गिराया है। यह घटना बाड़मेर के गडरा रोड पर बाड़मेरवाला बॉर्डर पोस्ट की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बीएसएफ द्वारा चेतावनी दिए जाने पर भी दोनों घुसपैठिए नहीं रुके थे, जिसके बाद दोनों को ढेर कर दिया गया।

बाडमेर के गडरा रोड पर बाड़मेरवाला बॉर्डर पोस्ट पर तारबंदी क्रॉस करने के दौरान बीएसएफ ने दोनों घुसपैठियों को मार गिराया। जानकारी के मुताबिक दोनों घुसपैठिए हेरोइन की खेप लेकर सीमा पार से भारत में घुसने की फिराक में थे। इस पूरे मामले की सूचना मिलने पर बीएसएफ अधिकारी और बाड़मेर पुलिस के आला अफसर मौके पर पहुंच गए।

गडरा रोड थाना इलाके के बाड़मेरवाला बॉर्डर पोस्ट में दो घुसपैठिए सीमापार से भारतीय क्षेत्र में घुस गए थे, जिन्हें बीएसएफ के जवानों ने अंदर घुसते देख लिया और उन्हें रुकने के लिए कहा गया। इस पर जब दोनों घुसपैठिए नहीं रुके तो उन पर फायर कर वहीं मार गिराया।

इस पूरे मामले में अब यह भी खबर निकलकर सामने आ रही है कि दोनों घुसपैठिए हेरोइन की बड़ी खेप लेकर सीमा पार से भारत में घुसने की फिराक में रहे होंगे। रोकने पर भी नहीं रुके दोनों घुसपैठिए को जवानों ने वहीं ढेर कर दिया। इस मामले में बीएसएफ अधिकारी और बाड़मेर पुलिस जांच पड़ताल शुरू कर घुसपैठियों के भारत में घुसने के पीछे का मकसद जानना चाह रही है।

### आतंकी साजिश मामले में एनआईए का बड़ा एक्शन, जम्मू-कश्मीर में 12 जगहों पर की छापेमारी

**श्रीनगर (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में 12 जगहों पर छापेमारी की। एनआईए सूत्रों ने बताया कि छापेमारी आतंकवाद से जुड़े एक मामले में चल रही जांच का हिस्सा है। ये छापे घाटी में अवंतीपोरा, पुलवामा, अनंतनाग और श्रीनगर जिले में और जम्मू संभाग के पुंछ और जम्मू जिलों में भी चल रहे हैं। सूत्रों ने कहा, ये छापे आतंकवाद से जुड़े एक मामले में चल रही जांच का हिस्सा हैं।

## बिहार : मुजफ्फरपुर के तीन घरों में लगी आग, चार बच्चियों की मौत



**मुजफ्फरपुर (आरएनएस)।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के सदर थाना क्षेत्र में बीती देर रात तीन घरों में आग लग गई। इस घटना में सो रही चार बच्चियों की झुलसकर मौत हो गई तथा छह अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, सदर थाना क्षेत्र के रामदयालु स्टेशन के निकट रात करीब एक बजे एक झोपड़ीनुमा घर में आग लग गई। आग ने तीन घरों को अपनी चपेट में लिया।


आग लगने की घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुए। इसके बाद अग्निशमन दस्ते को बुलाया गया, तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका।

इस घटना में घर में सो रही चार बच्चियों की झुलसकर मौत हो गई जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान नरेश राम की पुत्री सोनी कुमारी (15), अमृता कुमारी (12), कविता कुमारी (8) और शिवानी कुमारी (6) के रूप में हुई है।

आग लगने के कारणों का पता अब तक नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घर से निकलने वाले रास्ते में ही आग लगी थी, जिस कारण लोग जल्दी निकल नही सके।

सदर थाना प्रभारी सत्येंद्र मिश्र ने कहा कि इस घटना में पांच से छह लोग आग से झुलसकर घायल हुए है जिन्हें इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती करा दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घायलों मे भी दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## धूल भरी आंधी ने मचाई तबाही, हवा में उड़ने लगीं गाड़ियां, छह लोगों की मौत



**वाशिंगटन।** अमेरिका में धूल भरी आंधी ने तबाही मचा दी। जिस कारण 100 से ज्यादा वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए। वहीं इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। बता दें कि धूल भरी आंधी के कारण अमेरिकी राजमार्ग पर विजिबिलिटी कम हो गई, जिससे लगभग 100 वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इलिनोइस राज्य पुलिस ने एक बयान में कहा, '30 वाणिज्यिक वाहनों के साथ करीब 50-60 यात्री वाहन, इलिनोइस के मिडवेस्टर्न राज्य में दुर्घटनाग्रस्त हो गए।' मीडिया के अनुसार बयान में कहा गया है कि राजमार्ग 55 पर दो मील की दूरी पर हुई दुर्घटनाओं के परिणामस्वरूप दो ट्रकों में आग लग गई। यह राजमार्ग एक प्रमुख मार्ग है, जो शिकागो और सेंट लुइस जैसे शहरों को जोड़ता है। पुलिस ने कहा कि 30 से अधिक लोगों को 'कम से लेकर जानलेवा तक' की चोटों के साथ अस्पताल ले जाया गया। पीड़ितों की उम्र 2 से 80 वर्ष के बीच थी।

सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में हर तरफ धूल और धुआं दिख रहा है। सडक़ पर आपस में टकराई हुई गाडिय़ां नजर आ रही हैं, विजिबिलिटी भी काफी कम है। घटना के बाद चारों तरफ अफरा तफरी का माहौल था। बता दें कि साल 2021 में यूटा में इसी तरह की दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई थी, जब एक धूल भरा तूफान 22 वाहनों को फंसाने वाली दुर्घटनाओं की एक श्रृंखला का कारण बना।

## रांची के जमीन घोटाले के तार बंगाल से जुड़े, डिप्टी रजिस्ट्रार से ईडी कर रही पूछताछ, कारोबारी को समन




**रांची (आरएनएस)।** रांची में हुए जमीन घोटाले के कनेक्शन बंगाल से जुड़े हैं। ईडी की जांच में सामने आया है कि इसके फर्जी दस्तावेज बंगाल में तैयार किए गए। इस सिलसिले में ईडी आज कोलकाता के सब रजिस्ट्रार त्रिदीप मिश्रा से रांची स्थित जोनल कार्यालय में पूछताछ कर रही है। इसके अलावा कोलकाता के कारोबारी और जगतबंधु टी इस्टेट के स्वामी दिलीप घोष को पूछताछ के लिए समन भेजा गया है। उन्हें आगामी 10 मई को रांची स्थित ईडी ऑफिस में हाजिर होने को कहा गया है।

इस मामले में रांची के सब रजिस्ट्रार वैभव मनी त्रिपाठी से पूछताछ की गयी है, जबकि रांची डीसी रह चुके आईएएस छवि रंजन से चार मई को दोबारा पूछताछ की जाएगी। इसके बाद आठ मई को रांची में न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल से पूछताछ होगी। इसके अलावा जमीन की सौदेबाजी में शामिल तीन अन्य लोगों राजेश राय, भरत प्रसाद और लखन सिंह को भी समन किया गया है।

जमीन घोटाले का यह मामला सेना के कब्जे वाली जमीन से संबंधित है। साढ़े चार एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री में फजीर्वाड़े की शिकायत मिलने पर झारखंड के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त ने जांच की थी। जांच रिपोर्ट में यह बात सामने आ चुकी है कि प्रदीप बागची नाम के व्यक्ति ने फर्जी रैयत बनकर कोलकाता के जगत बंधु टी इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दिलीप कुमार घोष को उक्त जमीन बेच डाली थी। जमीन की खरीद-बिक्री के लिए रजिस्ट्री में प्रदीप बागची ने जिस होल्डिंग नंबर से संबंधित दो अलग-अलग कागजातों को लगाया था, वह जांच में फर्जी मिले थे।

इसके बाद रांची नगर निगम की ओर से भी बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। आयुक्त की जांच में सेना के कब्जे वाली जमीन का असली रैयत जयंत करनाड मिला था। इसके बाद ईडी ने पूरे मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत केस दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था।

## भारत और सिंगापुर के बीच पहला आसियान समुद्री अभ्यास होगा



**नई दिल्ली (आरएनएस) ।** भारतीय नौसेना अध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार सिंगापुर की यात्रा पर है और इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत और सिंगापुर के बीच समुद्री सुरक्षा और सहयोग को बढ़ावा देना है। इस दौरान, एडमिरल हरि कुमार भारत समुद्री अभ्यास (ढ्ढह्र-क्रस्ह्र-श्वङ्ग) के उद्घाटन समारोह का भी हिस्सा होंगे, जो भारत और सिंगापुर के बीच पहला आसियान समुद्री अभ्यास होगा। इस समुद्री अभ्यास का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में एकजुटता को बढ़ावा देना है। इसके अलावा, इस समुद्री अभ्यास में दोनों देशों के समुद्री बलों के बीच व्यावसायिक सहयोग, जैव विविधता के संरक्षण, सामान्य समुद्री संचार और समुद्री तंत्र के अध्ययन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस यात्रा के दौरान एडमिरल हरि कुमार भारतीय नौसेना के विभिन्न अधिकारियों और सिंगापुर के नौसेना अधिकारियों से भेंट करेंगे और समुद्री सुरक्षा और सहयोग से जुड़ी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। दौरे के दौरान सीएनएस ने चांगी नेवल बेस, सिंगापुर में आयोजित प्रथम आसियान-भारत समुद्री अभ्यास (एआईएमई) के उद्घाटन समारोह का सह-संचालन किया। इस समारोह का उद्घाटन एडमिरल आर हरि कुमार और रियर एडमिरल सीन वाट ने संयुक्त रूप से किया। अन्य आसियान देशों के वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में नौसेना प्रमुख, सिंगापुर गणराज्य नौसेना। ़रढ्ढरूश्व के इस उद्घाटन संस्करण की सह-मेजबानी रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर नेवी और इंडियन नेवी द्वारा की जा रही है; और अन्य आसियान देशों के जहाजों और कर्मियों की भागीदारी देखेंगे। अभ्यास का बंदरगाह चरण 02 से 04 मई 2023 तक चांगी नौसेना बेस में और दक्षिण चीन सागर में 07 से 08 मई 2023 तक समुद्री चरण आयोजित किया जाएगा। एआईएमई 2023 के दौरान भारत और भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व करने के अलावा, एडमिरल आर हरि कुमार, अंतर्राष्ट्रीय समुद्री रक्षा प्रदर्शनी(आईएमडीईएक्स-23) के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होंगे और भविष्य के समुद्री क्षेत्र में सहयोग और सहयोग विषय पर बातचीत करेंगे। आईएमडीईएक्स-23 के साथ-साथ आयोजित किए जा रहे 8वें अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा सम्मेलन (आईएमएससी) में एक पैनल चर्चा के दौरान पर्यावरण।

सीएनएस रक्षा मंत्री, सिंगापुर से भी मुलाकात करेंगे और रक्षा बल के प्रमुख (सीडीएफ), सिंगापुर सशस्त्र बल (एसएएफ), नौसेना प्रमुख, सिंगापुर गणराज्य नौसेना (आरएसएन), अन्य नौसेना प्रमुखों और प्रमुखों के साथ बातचीत करेंगे। एआईएमई, आईएमडीईएक्स और आईएमएससी में भाग लेने वाले देशों के प्रतिनिधिमंडल। सीएनएस आसियान - भारत समुद्री संपर्क अवसरों पर चर्चा करने के लिए सिंगापुर में शिक्षाविदों के साथ एक जुड़ाव करेगा।रढ्ढरूश्व-23 का उद्देश्य समुद्री सहयोग को बढ़ावा देना और आसियान और भारतीय नौसेनाओं के बीच विश्वास, मित्रता और विश्वास को बढ़ाना है। 02 से 04 मई 23 तक सिंगापुर में हार्बर चरण में भाग लेने वाली नौसेनाओं के बीच पेशेवर और सामाजिक बातचीत की एक श्रृंखला देखी जाएगी जिसमें क्रॉस डेक विज़िट, सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट एक्सचेंज (एसएमईई) और नियोजन बैठकें शामिल हैं।

## हिंसा प्रभावित सूडान से 231 भारतीयों का एक और जत्था लौटा स्वदेश



**अहमदाबाद (आरएनएस)।** संकटग्रस्त अफ्रीकी देश सूडान से 200 से अधिक गुजरात निवासी मंगलवार को स्वदेश लौट आए हैं। ऑपरेशन कावेरी के तहत भारत सरकार ने 231 लोगों को सूडान से स्वदेश लाने के लिए एक विशेष फ्लाइट भेजी थी। फ्लाइट अहमदाबाद में सरदार पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंची। इस फ्लाइट में 208 गुजराती थे।

यहां हावई अड्डे पर गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने लोगों का अभिवादन किया। पिछले हफ्ते ऑपरेशन कावेरी के तहत पहले दौर में 56 गुजराती मुंबई एयरपोर्ट लौटे थे। 10 बीमार लोगों के लिए एक चिकित्सा दल की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा 15 अतिरिक्त काउंटर स्थापित किए गए थे ताकि आप्रवासन प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। ऑपरेशन कावेरी के जरिए कुल 360 गुजरातियों को सूडान से वापस लाया गया है।

गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी के अनुसार, एसवीपीआई हवाई अड्डे पर उतरने वाले 231 लोगों में से 208 गुजरात, 13 पंजाब और 10 राजस्थान के निवासी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र के साथ मिलकर राजकोट की यात्रा करने के इच्छुक लोगों के लिए 5 वातानुकूलित वोल्वो बसों की व्यवस्था की थी।

## चारधाम यात्रा 2023 : केदारनाथ धाम में पल-पल बदल रहा मौसम, रोका गया तीर्थयात्रियों का रजिस्ट्रेशन

**रुद्रप्रयाग (आरएनएस)।** केदारनाथ धाम में पल-पल मौसम का मिजाज बदल रहा है। बारिश और बर्फबारी के कारण धाम में ठंड बढ़ गई है। केदारनाथ धाम में लगातार हो रही बारिश और बर्फबारी के कारण यात्रा प्रभावित हो रही है। जिला प्रशासन की ओर से अब तीर्थयात्रियों को केदारनाथ धाम जाने से रोका जा रहा है। साथ ही धाम में हो रही बर्फबारी के कारण परेशानियां बढऩे लगी हैं। ऐसे में पुलिस और जिला प्रशासन की ओर से तीर्थयात्रियों को यात्रा पड़ावों पर रोक कर सुरक्षित स्थानों पर ठहरने की अपील की जा रही है। वहीं मौसम के तल्ख मिजाज को देखते हुए रुद्रप्रयाग डीएम मयूर दीक्षित ने केदारनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों का रजिस्ट्रेशन तीन मई तक के लिए रोक दिया है। साथ ही तीर्थयात्रियों को मौसम की जानकारी लेने के बाद आगे की यात्रा करने की अपील की है।

रुद्रप्रयाग डीएम मयूर दीक्षित ने केदारनाथ में खराब मौसम और बर्फबारी के चलते केदारनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों का रजिस्ट्रेशन 3 मई तक के लिए रोक दिया है। कहा कि मौसम ठीक होने पर पंजीकरण के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। पहले यह रोक 30 अप्रैल तक थी। लेकिन धाम में मौसम नहीं सुधर रहा है, जिसके बाद प्रशासन ने रोक को और बढ़ा दिया गया है।

केदारनाथ धाम के लिए दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए जिला प्रशासन तीर्थयात्रियों से मौसम साफ होने के बाद यात्रा करने की अपील कर रहा है। अनाउंसमेंट के जरिये तीर्थयात्रियों को रोककर उन्हें बताया जा रहा है कि केदारनाथ धाम में लगातार बारिश और बर्फबारी हो रही है। ऐसे में धाम में श्रद्धालुओं को मौसम की बेरुखी का सामना करना पड़ सकता है। जबकि श्रद्धालुओं के लिए यात्रा पड़ावों में रहने और खाने की उचित व्यवस्था की गई है। आलम ये है कि उत्तराखंड में बदले मौसम के कारण श्रद्धालुओं को पड़ावों पर रुककर मौसम के साफ होने का इंतजार करना पड़ रहा है।



### गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में रात 8 बजे के बाद आवाजाही बंद

**उत्तरकाशी (आरएनएस)।** चारधाम यात्रा में लगातार बिगड़ते मौसम और यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए अब पुलिस प्रशासन ने नया ट्रैफिक प्लान तैयार किया है। जिसमें अब गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में रात आठ बजे के बाद आवाजाही बंद कर दी जाएगी। इसके लिए पुलिस ने नया ट्रैफिक प्लान बनाया है। गंगोत्री धाम के भटवाड़ी बैरियर से रात 8.30 बजे के बाद वाहनों को आगे नहीं जाने दिया जाएगा। वहीं यमुनोत्री धाम के दोबाटा बडक़ोट बैरियर से वाहनों को आगे जाने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही गंगोत्री यात्रा रूट पर धराली में रात 10 बजे, झाला में 9.30 बजे, नगुण में 10 बजे से यात्रा वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। पुलिस ने चारधाम यात्रा के लिए नया ट्रैफिक प्लान तैयार किया है। प्लान के तहत रात आठ बजे के बाद गंगोत्री और यमुनोत्री धाम से यात्रियों का किसी भी प्रकार का आवागमन नहीं होगा। वहीं रात 10 से सुबह 4 बजे तक यात्रा वाहनों के संचालन पर पूरी तरह रोक रहेगी। वहीं यमुनोत्री रूट पर जानकीचट्टी में रात 9, खरादी में 10 और ब्रहमखाल में 10 बजे से वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। एसपी ने बताया कि इन दिनों पहाड़ों में लगातार बारिश जारी है। इसलिए यात्रियों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। प्लान को यात्रा रूटों पर लागू कर दिया गया है।